तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026


11 एरण्डवाल व राजूर में 15.11 लाख के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन



11 शांति समिति की बैठक में सौहार्द्र बनाए रखने का आह्वान





## खबर संक्षेप

### पेड़ से गिरकर घायल हुए युवक की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कुल्हाड़कट्टा निवासी 20 वर्षीय माखन लाल ध्रवा पिता चैतराम छिंद पेड़ में चढ़ा हुआ था। अचानक पैर फिसले के कारण गंभीर चोट आने कि वजह से 26 फरवरी को शाम 6 बजें मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत आमाबेड़ा निवासी 20 वर्षीय हीरामलाल नेताम पिता अगडूराम को 28 फरवरी को फांसी लगाने से मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत उमरादाह निवासी 20 वर्षीय आशीष कुमार दर्रो पिता जागेश दर्रो ने फांसी लगा लिया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने 10 फरवरी को सुबह करीबन पौने 11 बजें अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त चालक की हुई मौत



**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत धनेसरा सड़कपारा मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 8 फरवरी को मृतक स्वयं मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9572 को चलाते हुए ग्राम नरहरपुर गया था। वहा से वापस घर आते समय ग्राम धनेसरा सड़कपारा मोड़ के पास करीबन 10 बजे पहुंचा था। स्वयं तेज एवं लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाकर अनियंत्रित होकर मोटर सायकल सहित गिर गया, जिसे सरोना अस्पताल राहगीरो द्वारा इलाज के लिए ले गए। चिकित्सक द्वारा चेक कर धनेश नेताम का मौत होने का पुष्टी किया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क किनारे खिले पलाश, बिखरा बसंत



**कांकेर।** बसंत की आहट के साथ सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर इन दिनों लाल-नारंगी फूलों की बहार नजर आ रही है। दूर से ही आग सी दहकती छटा राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। 'टेसू' या 'ढाक' के नाम से प्रसिद्ध पलाश के फूल न केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि होली के पारंपरिक रंगों की याद भी ताजा कर देते हैं। हरियाली के बीच पलाश की चमकती आभा से सड़क मार्ग और भी मनमोहक दिखाई दे रहे हैं, जिससे यात्रियों का सफर सुहाना बन रहा है।

# होली पर बढ़ी मिठाइयों की मांग, मिलावट और रासायनिक रंगों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

होली का रंग जैसे-जैसे चढ़ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में मिठास भी घुलने लगी है। गुजिया की खुशबू, गुलाब जामुन की मिठास और ठंडाई की ठंडक से शहर का माहौल उत्सवी हो उठा है, लेकिन इस उत्साह के बीच एक कड़वी सच्चाई भी सामने आ रही है कि त्योहारी मांग बढ़ते ही मिलावट का खतरा भी सिर उठाने लगता है। रंगों और मिठाइयों में मिलावटी व केमिकल युक्त सामग्री के इस्तेमाल की आशंका ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सीमित अमले के कारण जिलेभर में प्रभावी जांच न हो पाना स्थिति को और गंभीर बना रहा है।

होली त्योहार के अवसर पर गुजिया, गुलाब जामुन, ठंडाई और अन्य पारंपरिक मिठाइयों की मांग में अचानक वृद्धि हो जाती है। मांग अधिक होने पर कुछ दुकानदार अधिक लाभ कमाने के लालच में मिलावटी मावा, कृत्रिम रंग और सस्ते केमिकल युक्त सामग्री का उपयोग करने से नहीं चूकते। इससे मिठाइयों की गुणवत्ता प्रभावित होती है और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने का खतरा बना रहता है। त्योहार नजदीक आने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कुछ दुकानों में जांच की कार्रवाई जरूर की जा रही है, लेकिन विभाग के पास मात्र एक-दो अमला होने के कारण जिले के सभी प्रतिष्ठानों की नियमित जांच संभव नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर, जांच के लिए लिए गए नमूनों की रिपोर्ट आने में समय लग जाता है।

तब तक संबंधित मिठाई बाजार में बिक चुकी होती है। ऐसे में कार्रवाई का प्रभाव भी सीमित रह जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार मिलावटी मिठाइयों और केमिकल युक्त खराब रंगों का असर तुरंत दिखाई नहीं देता, लेकिन धीरे-धीरे यह त्वचा, बाल और आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

### त्योहार की मिठास में जहर न घुले, मिलावटखोरों पर सख्ती जरूरी



#### मिलावटखोरों पर नकेल कसना जरूरी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाकर मिठाई दुकानों की जांच करे, एक्सपायरी रंगों और मिलावटी सामग्री पर सख्ती से कार्रवाई करे तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए। केवल कागजी कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है। त्योहार की मिठास बरकरार रखने के लिए मिलावटखोरों पर सख्त नकेल कसना समय की मांग बन गई है।

### मनमानी: दुकानों के बाहर टिनशेड व सड़कों तक फैले रहते हैं सामान

# अतिक्रमण की जकड़ में शहर के मुख्य मार्गों पर बड़े हादसों की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय में कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण इतना बढ़ता जा रहा है, जिससे आम आदमी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार तो इतने महान है कि दुकानों को नाली के ढक्कन तक बढ़ा दिए है, यह कोई छोटे दुकानदार नहीं है, शहर के गणमान्य नागरिकों के दुकानों का हाल है। व्यापारियों से जुड़े संगठन इस समस्या के लिए आँख बंद किए हुए है।

कांकेर शहर की रफ्तार इन दिनों अवैध कब्जों की बेड़ियों में जकड़ती नजर आ रही है। मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण ने न सिर्फ यातायात व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुकानों के सामने स्थायी टीनशेड, गुमटियां और सड़क तक फैला सामान अब आम दृश्य बन चुका है। हालात यह हैं कि जिन सड़कों को शहर की जीवनरेखा कहा जाता है, वे अब संकरी सड़को में तब्दील होती जा रही हैं। जिम्मेदार विभाग की चुप्पी ने लोगों की चिंता और आक्रोश दोनों को बढ़ा दिया है। कई स्थानों पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने स्थायी रूप से टीनशेड लगा लिए हैं और सड़क के बड़े हिस्से पर सामान फैला रखा है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप लेती जा रही है, लेकिन नगर पालिका और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।



#### सड़क हादसों की बनी रहती है आशंका

कांकेर शहर के मुख्य मार्ग व अंदरूनी सड़को पर अतिक्रमण के कारण सड़क के संकरा होने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। दुकानों के बाहर रखा सामान और अस्थायी ढांचे वाहन चालकों की दृश्यता को प्रभावित कर रहे हैं।

अतिक्रमण का असर केवल सामान्य यातायात तक सीमित नहीं है। स्कूल बसों, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

#### रणनीति तैयार, होली के बाद क्रियान्वयन

नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि सड़कों के किनार गलत ढंग से जिसके द्वारा अतिक्रमण किया गया है, उनके लिए बैठक करके रणनीति तैयार कर लिया गया है। होली त्योहार के बाद सभी पर कार्यवाही किया जाएगा और लंबे समय से दुकान लगाने वालों को दुकान बढ़ाए जाने पर कार्यवाही किया जाएगा।

#### नियमित निगरानी जरूरी

शहरवासियों ने मांग किया है कि विशेष अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और भविष्य में दोबारा कब्जा न हो, इसके लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब जागेगा और शहर को जाम व अव्यवस्था से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम कब उठाएगा।

# कंकालीन मंदिर में टिना शेड निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आस्था और विकास जब एक साथ कदम बढ़ाते हैं तो क्षेत्र की तस्वीर बदलते देर नहीं लगती। इसी सोच को साकार करते हुए कंकालिन मंदिर परिसर में टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। धार्मिक वातावरण, मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

भूमिपूजन के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कंकालिन माता का यह पावन धाम वर्षों से क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था और विश्वास का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, जो इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाता है। ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर परिसर में टीना शेड का निर्माण केवल एक भौतिक ढांचा खड़ा करना नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा, सुविधा और विकास के समन्वय का प्रतीक है। इस निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं को धूप, वर्षा और अन्य मौसमी परेशानियों से राहत मिलेगी। विशेष रूप से त्योहारों और विशेष अवसरों पर जब श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है, तब यह शेड अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे मंदिर परिसर में पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन अधिक व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर के समग्र विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य करना ही उनकी प्रतिबद्धता है। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं की आस्था और भी सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग का परिणाम है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबके सहयोग से यह संकल्प और अधिक सशक्त हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि हम सब मिलकर कांकेर को विकास, आस्था और समृद्धि का आदर्श केंद्र बनाएंगे।

#### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, ब्रजमोहन तिवारी, राकेश शर्मा, मुकेश तिवारी, मंदिर के पुजारी, मुहल्ले की महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित रहे।

# चप्पल सुखाने पर हुआ विवाद फिर मारपीट एवं मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 89 विवेकनगर में चप्पल की बात को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। चप्पल को धोकर सुखाने की बात को लेकर हुआ विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया। घटना के बाद पीड़ित ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत थाना में किया।

थाना बांदे में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 89 विवेकनगर निवासी 22 वर्षीय पंचमी दास पिता निर्मल दास ने पुलस को बताया कि 1 मार्ग को मेरी छोटी बहन पायल दास अपने चप्पल को धोकर धूप में रखी थी। जिस जगह पर चप्पल रखा गया था, चप्पल रखे जगह पर नहीं मिलने से पड़ोसी दीपाली दास को मेरी मां रीना दास ने पुछी कि मेरी लड़की पायल दास अपने चप्पल को धोकर सुखाने के लिए घर पीछे बाड़ी में रखी थी, यहां पर रखे चप्पल देखे हो क्या पुछने से दीपाली दास बोली कि हम लोगों के पास चप्पल की कोई कमी है, क्या तुम लोगों के चप्पल को रखेंगे बोलकर गाली गलौज करने लगी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे के आस पास दीपाली दास के पति राजू दास अपने घर में आने के बाद झगड़ा विवाद बात को बताने से राजू दास हमारे घर आंगन में आकर गाली गलौज दते हुए जान से मारने कि धमकी देकर बांस के डण्डा से मुझे व मेरी मां रीना दास छोटी बहन पायल दास और छोटा भाई सागर दास के साथ मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू दास और सुदीप मण्डल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गीदम।** समग्र शिक्षा जिला दंतेवाड़ा द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों से संबंधित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गीदम स्थित सक्षम बालक आवासीय विद्यालय जावंगा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सहयोगात्मक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करना था, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके।

- असामाजिक तत्वों को चेतावनी, आमजन से शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील
- कांकेर में होली से पहले पुलिस का शक्ति प्रदर्शन

# एसपी कार्यालय से घड़ी चौक तक पैदल फ्लैग मार्च और शहर की सड़कों पर वाहनों से गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

होली पर्व के मद्देनजर कांकेर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस ने व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से घड़ी चौक तक पैदल फ्लैग मार्च आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। इसके साथ ही शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर पुलिस वाहनों के जरिए भी फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने संवेदनशील क्षेत्रों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। होली जैसे बड़े त्योहार पर किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करने की स्पष्ट चेतावनी दी गई।



अधिकारियों ने कहा कि त्योहार खुशी और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए सभी नागरिक इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। घड़ी चौक सहित शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है। पेट्रोलिंग टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण बनाना रहा। होली के पहले कांकेर पुलिस की इस सक्रियता से शहरवासियों में सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि आम नागरिकों को हर संभव सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या डायल नंबर पर दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से दूर रहने और कानून का पालन करने का भी आग्रह किया गया।

# कोदागांव में डंडे के हमले से ग्रामीण गंभीर, रिपोर्ट दर्ज एवं विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम कोदागांव में आपसी विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जब एक ग्रामीण पर डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित को पीठ, बांए हाथ और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके चलते वह ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोदागांव निवासी 55 वर्षीय शत्रुघन पटेल पिता स्व. लोकनाथ पटेल ने कोरर थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई मुकुंद पटेल का घर उनके घर से सटा हुआ है। 1 मार्च को वे अपने घर में थे, तभी उनकी भाभी बासन पटेल ने जोर से आवाज लगाकर उन्हें बुलाया। बाहर निकलकर देखने पर पाया कि गांव का अर्जुन उईके उनके भाई मुकुंद पटेल को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था और डंडे से मारपीट कर रहा था। शत्रुघन पटेल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी गाली देते हुए वहां से भाग गया। हमले में मुकुंद पटेल की पीठ, बाएं हाथ और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों के अनुसार चोट के कारण वे ठीक से बैठने में भी असमर्थ हैं।

शिकायत के आधार पर कोरर पुलिस ने आरोपी अर्जुन उईके के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है तथा प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने खरीदा हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंगों के उपयोग का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यालय परिसर में फरसगांव विकासखंड के ग्राम झाटीबन की मां शीतला स्व–सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल के विक्रय हेतु स्टॉल लगाया गया।

सोमवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्टॉल का निरीक्षण कर हर्बल गुलाल की खरीदी की और होली पर्व पर रासायनिक रंगों के बजाय प्रा—तिक रंगों के उपयोग का संदेश दिया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल में पलाश, धवई, मेहंदी, चुकंदर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाब जल जैसे पूर्णतः प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ–साथ शीतलता भी प्रदान करता है।

प्राकृतिक तत्वों से निर्मित यह गुलाल बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों से होने वाली त्वचा एलर्जी, अस्थमा, खुजली, सिरदर्द एवं संक्रमण जैसे दुष्प्रभावों से बचाव करता है, जिससे यह पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है।

### जिला कार्यालय में स्व–सहायता समूह ने लगाया हर्बल गुलाल स्टॉल



### महिलाओं को मिल रही अतिरिक्त आय

हर्बल गुलाल निर्माण के लिए समूह की महिलाएं वर्षभर आवश्यक वनोपज का संग्रहण करती हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का साधन भी प्राप्त हो रहा है। इस कार्य में कृषि विज्ञान केंद्र, कोण्डागांव द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 4 मार्च को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत होली के अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ) विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ–कंपोजिट), देशी विदेशी मदिरा अहाता तथा एफ. एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगा तथा अवैध शराब बिक्री, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखा जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने आपदा पीड़ित को राशि जारी की। कोण्डागांव तहसील के ग्राम तहसीलपारा वार्ड निवासी कमलसिंह ठाकुर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी कोयन्तीन बाई ठाकुर, पुत्री संगीता ठाकुर एवं पुत्र राहुल ठाकुर को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। केशकाल तहसील के ग्राम दादरगढ़ निवासी गुप्तेश्वरी कोरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता राधिका कोरेटी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। फरसगांव तहसील के ग्राम कुल्हाड़गांव निवासी सुकड़ीबाई की दीवार गिरने से दबकर मृत्यु होने पर उनकी पुत्री बुधयारिन एवं दशनी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम विश्रामपुरी निवासी जयोबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री कुमारी एवं संगीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई।

### स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला 6 मार्च को

**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा राज्य में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार के तहत आयोजित होगा। यह कार्यशाला जिले के महाविद्यालयों एवं आईटीआई के विद्यार्थियों, जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों, युवाओं, महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना है। उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम 6 मार्च को शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय, कोण्डागांव में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप नीति, नवाचार के लिए उपलब्ध संसाधन, स्वरोजगार के अवसर तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोण्डागांव ने जिले के युवक–युवतियों, विद्यार्थियों एवं इच्छुक प्रतिभागियों से कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### मिलन समारोह में एकता का संदेश

**जगदलपुर।** अंचल के तेलुगू ब्राह्मण परिवारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से 1 मार्च को बस्तर तेलुगू ब्राह्मण संघम् द्वारा विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था कि भविष्य में सभी परिवार एक-दूसरे की आवश्यकताओं, सुख-दुख और सामाजिक दायित्वों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें।
कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की आराधना से हुई। इसके पश्चात उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सहभागी परिवारों ने आपस में विस्तृत परिचय देते हुए उन वरिष्ठजनों को स्मरण किया, जिन्होंने सीमित संसाधनों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद समाज को संगठित रखने का निरंतर प्रयास किया। संघम् की ओर से पुराने वरिष्ठजनों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## चारा फसल व पशुधन प्रबंधन पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

# चारा फसल, समन्वित कृषि प्रणाली और बतख पालन पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना "चारा फसलें एवं उपयोगिता" जनजातीय उप योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी बोरगांव, कोंडागांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत चारा उत्पादन, पशुधन प्रबंधन तथा समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से आय वृद्धि के प्रति जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण में जिले के कृषकों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही।

- जनजातीय उप योजना के अंतर्गत हुआ आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि पशुधन भारतीय कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं कृषि प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए वैज्ञानिक चारा प्रबंधन आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण चारा फसलों को अपनाकर किसान श्वेत क्रांति के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। मुख्य अतिथि नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने किसानों से राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की।



### चारा उत्पादन से आय वृद्धि संभव : डॉ. झा

परियोजना प्रभारी डॉ. संतोष झा, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने बताया कि पशुधन आधारित आय में वृद्धि के लिए चारा फसलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से कृषि विज्ञान केंद्र से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया, ताकि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें।

### जैविक खेती व वैकल्पिक पशुपालन पर जोर

विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष मानकू राम नेताम ने विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। तरुण साना ने बटेर पालन एवं बतख पालन जैसे वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने पर बल दिया। प्रवीर बदेशा ने जल संकट एवं रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

### 20 किसानों को खाकी कैम्पबेल बतख के चूजे वितरित

कार्यक्रम के अंत में जनजातीय उप योजना अंतर्गत 20 चयनित कृषकों को उन्नत नस्ल की खाकी कैम्पबेल बतख के चूजे निःशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर 12 जनप्रतिनिधियों सहित कुल 96 किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। मृदा विशेषज्ञ डॉ. विप्लव चौधरी ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं चारा फसलों में मिट्टी की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी।

### कम खर्च में अधिक लाभदायक खाकी कैम्पबेल नस्ल

वर्ष में 250–300 अंडे देने की क्षमता डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि खाकी कैम्पबेल नस्ल मूल रूप से इंग्लैंड की है और यह कम खर्च में अधिक लाभ देने वाली नस्ल है। यह वर्ष में लगभग 250–300 अंडे देती है, जिससे किसानों को नियमित आय प्राप्त होती है। यह नस्ल खुले वातावरण, खेतों एवं तालाबों में आसानी से पालन योग्य है। स्थानीय अनाज, घास एवं कीड़े–मकोड़ों से इसका पोषण हो जाता है, जिससे चारे का खर्च कम रहता है। अंडे और मांस दोनों की बाजार में अच्छी मांग होने से यह छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए कम निवेश में लाभदायक विकल्प साबित हो रही है।

# कोण्डागांव के विपुल का पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के होनहार छात्र विपुल का चयन पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विपुल इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्व विद्यालय, जगदलपुर की शतरंज पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। विपुल का चयन महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर बस्तर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया।

- 2 से 6 मार्च तक भुवनेश्वर में 40 विश्वविद्यालयों के बीच होगी प्रतिस्पर्धा

**प्रतियोगिता से पहले विशेष प्रशिक्षण शिविर :** प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया, ताकि खिलाड़ी बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर सकें। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न खेलों का नियमित एवं व्यवस्थित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**महाविद्यालय परिवार ने जताया हर्ष :** विपुल के चयन पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया तथा आशा जताई कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### 2 से 6 मार्च तक भुवनेश्वर में होगा आयोजन

पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 6 मार्च 2026 तक कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

# धामनपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने धामनपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोजित मितानिन संकुल बैठक का भी अवलोकन किया गया तथा गांव एवं पारा स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

- उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश
- साफ–सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने पर भी दिया जोर

निरीक्षण के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित प्रसव की कार्ययोजना एवं फॉलोअप रजिस्टर की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक चिन्हित गर्भवती महिला की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत निर्धारित दिवस पर सभी गर्भवती माताओं की अनिवार्य जांच कराई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र की साफ–सफाई, रखरखाव एवं परिसर की सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही आमजन के लिए संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।



### केंद्र में नियमित सेवाएं देने के निर्देश

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को केंद्र में निवास कर नियमित सेवाएं प्रदान करने को कहा गया, ताकि ग्रामीणों को समय पर उपचार एवं परामर्श मिल सके। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आवश्यक दवाओं एवं जांच सामग्री किट पर्याप्त मात्र में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही मितानिन दवा पेटी की नियमित रिफिलिंग सुनिश्चित करने तथा दवा वितरण रजिस्टर को अद्यतन रखने पर भी बल दिया।

# कोहकामेटा–सुरडोंगर में हुआ शिक्षकों का क्रिकेट महाकुंभ

**केशकाल।** अध्यापक एसो सियेशन द्वारा आयोजित किक्रेट मैच का आयोजन कोहका मेटा व सुरडोंगर स्टेडियम मे किया गया जहाँ आयोजित 8 मैचो के मुकाबले बड़े हीं रोमाच कारी रहा। पहला मुकाबला केशकाल विरुद्ध कानागाँव हुआ जहाँ कानागाँव के 69रनो के जवाब मे एक विकेट खोकर 9 विकेट सें केशकाल ने यह मैच जीत लिया. जिस मैच के मेन आफ दी मैच वीरेंद्र धूर्व् 50 रन बना कर रहे। दूसरे मैच धनोरा विरुद्ध बड़े राजपुर के मैच मे धनोरा सेमीफाइनल मे प्रवेश रूप धर तामो के 19 बदौलत पहुँचे। तीसरे मैच मे केशकाल विरुङ धनोरा विजयी हुई।

दूसरे दिवस मर्दापाल विरुद्ध फरस गांव के मैच मे मेहुल 41 रन बनाकर आफ दी मैच रहे। अगले मैच फरसगाँव विरुद्ध कोंडागांव के मुकाबले नितेश मैन आफ दी मैच रहे। फाइनल मुकाबला धनोरा विरुद्ध विरुद्ध कोंडागांव के रुपधर तामो ने 27 रन बना कर मात्र 65 रनो का टारगेट दिया जिसे कोंडागांव की टीम पूरा नहीं कर पायी और धनोरा ने फाइनल मैच जीत लिया। फाइनल मैच की ट्राफी रंगीला भेड़यि सरपंच कोहका मेटा. उप विजेता - सोनू कश्यप उप सरपंच, स्मृति चिन्ह बलराम नाग बी आर सी.उप विजेता स्व गौरी शंकर श्रीवास्तव की स्मृति सुपुत्र विवेक श्रीवासतव ने दिया। सभी मैचो के मेन आफ दी मैच क़ो समिति द्वारा दिया गया। बेस्ट बैट्स मेन केशकाल के वीरेंद्र धुर्वे-51रन क़ो धनोरा के गजेंद्र कावडे क़ो 8विकेट लेने पर बेस्ट बालर का ख़िताब स्व प्रभाकर राव गायकवाड़ की स्मृति मे लोकेश गायकवाड़ द्वारा और मेन आफ दी सीरीज रुपधर तामो क़ो 88 सर्वाधिक रन बनाने पर दीपेश सेठिया सहा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया।

- धनोरा ने जीती स्पर्धा

### अध्यापक एसो. के प्रति किया आभार व्यक्त

विशेष अतिथि साहित्य परिषद के अध्यक्ष - हरेंद्र यादव ने शिक्षको के लिए शासन सें आयोजन मे सहयोग करने की अपील की। तथा अध्यापक एसोसियेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सोनू कश्यप उप सरपंच ने इस आयोजन को अनोखा बताया और कहा कि जीवन भर विद्यालय के बच्चों को खेल खिलाने वाले स्वयं खेल खेले बहुत अच्छा लगा। नंद लाल लाड़यि उप सरपंच गौर गांव साहित्य परिषद के उमेश मंडावी, बृजेश तिवारी, तौफीक आलम आदि की उपस्थिति रही इसके पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन सतेन्द्र भेड़िया एस एम डी सी अध्यक्ष व शोभा राम सिंहा ने किया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़, शोएब अली ने क्रमशः किया। आयोजन को सफल बनाने मे रुपधर तामो व समस्त स्टॉफ, ग्राम वासी कोहका मेटा का रहा है।

# अवैध शराब व नकद जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** होली पर्व को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार 1 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पंचायतपारा बड़े घोड़सोड़ा में डमरूधर नाग द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। तलाशी के दौरान आरोपी के दुकान के कमरे से उड़ीसा राज्य के लेबल लगी अंग्रेजी शराब मैक्डावल नंबर 01 के 30 क्वॉटर प्रत्येक 180 एमएल कुल 5400 एमएल शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 5400 रुपये आंकी गई। साथ ही बिक्री की नकद रकम 500 रुपये भी बरामद की गई। आरोपी डमरूधर नाग उम्र 29 वर्ष, निवासी पंचायत पारा बड़े घोड़सोड़ा थाना अनंतपुर, के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। आरोपी को नोटिस देकर देहाती नालसी पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।





# टेनिस बॉल टूर्नामेंट में भेजा को हराकर परोदा बनी चैम्पियन

**कोण्डागांव।** सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन द्वारा पुसपाल घाट क्षेत्र में 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लगातार पांचवीं बार आयोजित की गई। आयोजन भवेश चौधरी, कमांडेंट 188वीं बटालियन के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। और मैचों के दौरान चौकों–छक्कों की बरसात से दर्शक रोमांचित हो उठे।

टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला टीम भेजा और टीम परोदा के बीच खेला गया, जिसमें परोदा की टीम विजेता रही। समापन अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 11,000 नगद तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 5,000 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और ग्रामीणों को सम्मान** – कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बच्चों एवं कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूर–दराज से आए सैकड़ों ग्रामीणों के बीच साड़ी एवं लुंगी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी ने 188वीं बटालियन द्वारा निर्मित प्याऊ का उद्घाटन किया। साथ ही ग्रामीणों की आस्था को ध्यान में रखते हुए निर्मित शिव मंदिर एवं महादेव विश्राम स्थल का भी लोकार्पण किया गया। कभी वीरान और भयग्रस्त रहा यह क्षेत्र आज सौंदर्यीकरण के बाद एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक पहुंच रहे हैं। 188वीं बटालियन लंबे समय से नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के साथ–साथ सामाजिक विकास कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के दौरान पुसपाल वैली में पौधारोपण कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि भवेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र केवल संघर्ष की पहचान नहीं हैं, बल्कि बदलाव, उम्मीद और पुनर्निर्माण की मिसाल भी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के हाथ में हथियार की जगह क्रिकेट का बल्ला होता है, तो भविष्य स्वतः सुरक्षित और उज्ज्वल बनता है।

## कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिए निर्देश


# हितग्राहियों को समय पर दिलाएं लाभ, निर्माण कार्यों में रखें गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बजट में स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। साथ ही संबंधित विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की समय पर उपस्थिति एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया।

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम को समय पर भंडारण पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई–केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। वहीं श्रम विभाग को दीदी ई–रिक्शा योजना के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। विद्युत विभाग को अवैध विद्युत कनेक्शन एवं अनाधिकृत पंप संचालन पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### आंगनबाड़ी और जल जीवन मिशन पर जोर –

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वॉटर की सुविधा उपलब्ध कराने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 'हर घर जल' प्रमाणीकरण की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में केशकाल नगर मुख्य मार्ग उन्नयन एवं नारायणपुर मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एनएच अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### इलाज के लिए लाए युवक की मौत

**कांकेर**। बांदे थानांतर्गत पीव्ही 107 शक्ति नगर निवासी 19 वर्षीय स्वपन वसु पिता परिमल का 27 फरवरी को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, विवेचना शुरू

**कांकेर**। कोरर थानांतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी 22 वर्षीय कुंती पिता इंद्र कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतिका द्वारा फांसी लगाने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि 1 नवंबर को मृतिका ने ग्राम डोमाहर्रा के जंगल में तेंदू पेड़ पर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मिलन समारोह में एकता का संदेश

**जगदलपुर**। अंचल के तेलुगू ब्राह्मण परिवारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से 1 मार्च को बस्तर तेलुगू ब्राह्मण संघम् द्वारा विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था कि भविष्य में सभी परिवार एक-दूसरे की आवश्यकताओं, सुख-दुख और सामाजिक दायित्वों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की आराधना से हुई। इसके पश्चात उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सहभागी परिवारों ने आपस में विस्तृत परिचय देते हुए उन वरिष्ठजनों को स्मरण किया, जिन्होंने सीमित संसाधनों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद समाज को संगठित रखने का निरंतर प्रयास किया। संघम् की ओर से पुराने वरिष्ठजनों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया, ताकि नई पीढ़ी भी उनके सामाजिक समर्पण से प्रेरणा ले सके। इस अवसर पर जगदलपुर के अलावा बस्तर संभाग के कोंडागांव और सुकमा जिले से भी परिवारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के साथ पंडित शंकर राव, प्रसाद राव, जी सूर्या राव,टी वेंकट साईं, टी एस एस प्रकाश, वेणु गोपाल राव, महेश तेन्नेटी,तेन्नेटी नाधम, पी रंगाचारी एवं अन्य ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# धान के भुगतान से होली बाजार गुलजार, किसान और व्यापारियों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

होली को लेकर जिले के बाजारों व चौक चौराहों में रंग गुलाल, पिचकारी के साथ पारंपरिक नगाड़ा बाजार सजने लगे हैं। शासन द्वारा धान विक्रय की शेष राशि जारी करने से आम जनता में त्यौहार को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है, व्यापारी भी उत्साहित हैं। इस त्यौहार में उनका व्यवसाय अच्छा होगा। कांकेर नगर में पहुंचे ग्राम मालीघोरी निवासी नगाड़ा विक्रेता रत्नूराम गोन्ड्रे ने बताया कि वर्तमान में बड़ा नगाड़ा 1800 से लेकर 2500 तक बिक रहा है। वहीं मध्यम आकार के नगाड़ा 500 से 1500 तक तथा छोटे आकार के नगाड़ा 100 से 500 रुपये तक में नगाड़ा बाजार में उपलब्ध है। इस दौरान बाजार में नगाड़ों के साथ डमरू व देशी ताशक देखने को मिल रहे है। विक्रेताओं ने बताया कि पूर्व में जहां वे 60 से 70 नगाड़ा बेच लेते थे, किन्तु वर्तमान में इसकी संख्या घटकर 25 से 30 हो गई है तथा नगाड़े के रखरखाव व निर्माण का खर्च भी निकल पाना मुश्किल हो जाता है। विक्रेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिकता की चकाचौंध में पुरानी परंपरा व पारंपरिक वाद्य यंत्र लुप्तप्रायः हो गए है तथा इनके जगह अब डीजे व धुमाल का उपयोग बढ़ते जा रहा है, जिससे पारंपरिक वाद्ययंत्र के निर्माता व विक्रेताओं को अपनी रोजी रोटी व परिवार पालन पोषण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जहां होली के त्यौहार के एक माह पहले ही बसंत पंचमी के आरंभ से ही गांव गांव में नगाड़े बजना प्रारंभ हो जाता था तथा बसंत पंचमी के पहले ही नगाड़े की खरीदी बिक्री प्रारंभ हो जाती थी, लेकिन वर्तमान में मात्र होली के दिन ही नगाड़ा बजाया जाता है।

### नशे से बिगड़ने लगे माहौल

वरिष्ठ लोगों ने बताया कि पूर्व में होली मेल जोल का त्यौहार होता था, लेकिन वर्तमान में यह नशेबाजी व हुल्लड़बाजी का त्यौहार बनते जा रहा है, जिसके कारण जहां पूर्व में बच्चे, युवा व महिलाएं एक साथ मिलकर सद्भावना पूर्वक होली मनाते थे, लेकिन वर्तमान में नशे से माहौल बिगड़ने लगा है। वहीं पूर्व के पीढ़ी को जहां होली के अवसर पर गाए जाने वाले फाग गीत मुंहबोली याद रहते थे तथा नगाड़े के साथ पर गाते, बजाते थे तथा नगाड़े के साथ पर गाते, बजाते थे व वर्तमान में आधुनिकता के डीजे के कारण वर्तमान युवा फाग गीत से अनभिज्ञ होते जा रहे है। फाग प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही अब फाग गीत सुनने को मिलते है।

## फागुन के उमंग में रंगों का होगा संगम, दुर्गूकोंदल में अनोखी होलिका परंपरा



**दुर्गुकोंदल**। छत्तीसगढ़ के दुर्गूकोंदल अंचल में इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका दहन धूमधाम से किया गया। यह दहन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, प्रकृति प्रेम और सामाजिक समरसता का अद्भुत प्रतीक है। इस पर्व की सबसे खास बात रही 'कुंवारी आग'। बसंत पंचमी से इस आग को सहेज कर रखने की परंपरा है। प्रगति लेडीज़ ग्रुप ने इस वर्ष भी विधिवत होलिका दहन की परम्परा का निर्वहन किया। एक दूसरे को रंग लगाकर शांति, सद्भाव और उन्नति की शुभकामनाएँ दिए। होलिका दहन के साथ ही पूरा क्षेत्र रंग-गुलाल में डूब गया, लेकिन दहन की यह परंपरा यहीं नहीं रुकती। गांव के सभी लोग सामूहिक रूप से इसमें पच लकड़िया पांच तरह की लकड़ियाँ अर्पित करते है और साथ ही एक दिलचस्प और वैज्ञानिक परंपरा यह भी है कि लोग खटमल, किन्नी, पिस्सू जैसे हानिकारक कीटाणुओं को भी होलिका की आग में डालते हैं। मान्यता है कि इससे गांव संक्रामक बीमारियों से मुक्त हो जाता है। यह धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और प्रकृति पूजन का अनूठा उदाहरण है। होली की रंगत सिर्फ आग तक सीमित नहीं है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता भी इसमें रंग भरती है। जहां मैदानी इलाकों में 'डंडा नाच' की धूम है, वहीं वनांचल क्षेत्रों में 'सैला नाच' की परंपरा जीवित है। इस बार ज्योतिषीय गणना के अनुसार प्रतिपदा के दिन भद्रा का साया रहने के कारण रंगों का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार की तैयारी में नगर की दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे हों या बुजुर्ग, हर आयु वर्ग के लोग रंग-बिरंगी पिचकारियों और गुलाल की खरीदारी में व्यस्त दिख रहे हैं, इस उम्मीद के साथ कि रंगों का यह त्योहार सबके जीवन में खुशियाँ और सौहार्द लेकर आएगा।

# आमागढ़ में टिना शेड निर्माण के लिए विधायक सावित्री ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम आमागढ़ में टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी द्वारा किया गया। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है। उन्होंने ग्रामीणों को विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बाजार क्षेत्र में पेयजल सुविधा की कमी का मुद्दा उठाते हुए बोर खनन की मांग रखी। विधायक ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए तत्काल डेढ़ लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने विधायक की तत्परता और सकारात्मक कार्यशैली की सराहना की। विधायक सावित्री मंडावी की सक्रिय भूमिका और क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम आमागढ़ के दस युवा साथियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ने सभी युवाओं को गमछा एवं फूलमाला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। युवाओं ने कहा कि वे विधायक की विकासोन्मुख सोच और जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, सरपंच शिवलाल ध्रुव, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, जनपद सदस्य सविता उईके, सियाराम पोटाई, हीरालाल कोमरे, पुनऊ पोटाई, दिनेश मेरेया, वीरेद टंडिया, प्रीतम मांझी सहित ग्राम पंचायत के वार्ड पंच एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों की मांग पर दो पुलिया और सड़क निर्माण स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण



विकासखंड के अंतर्गत आने वाले भुसकी, खेड़ेगांव एवं करकाझार ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में नाले पर पुलिया नहीं होने और कच्ची, जर्जर सड़क के कारण आवागमन लगभग ठप हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन गंभीर समस्याओं को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने वर्षों से लंबित दो पुलिया एवं पक्की सड़क निर्माण की मांग दोहराई। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक ठोस पहल नहीं हो सकी है। विधायक मंडावी ने निरीक्षण के दौरान स्थिति को गंभीर बताते हुए स्वीकार किया कि यहां दो पुलिया और सड़क निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थल पर पहुंचकर वास्तविक हालात देखने के बाद यह स्पष्ट है कि बिना पुलिया के आवागमन करना जोखिम भरा है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए आश्वासन दिया कि आगामी बजट में दोनों पुलियों और सड़क निर्माण का प्रस्ताव जोड़ा जाएगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश देने की बात भी कही, ताकि प्रस्ताव स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। उनके इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इस बार उनकी वर्षों पुरानी मांग अवश्य पूरी होगी और क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिया और सड़क का निर्माण हो जाता है तो न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से बचेगी, बल्कि ग्रामीणों की दैनिक जिंदगी भी काफी आसान हो जाएगी। अब सबकी निगाहें आगामी बजट पर टिकी हैं।

# आमाबेड़ा और नरहरपुर में 33 लीटर शराब जब्त 5 आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में केवल देशी शराब ही पुलिस के हाथ लग रही है। नगर सीमाओं से लगे ढाबों में पहुँची रही शराब का खेल खेलने वाले अभी तक पुलिस के शिकंजे में नहीं फंस पाए है। बायपास एवं शहर सीमा से लगे ढाबो के पीछे साईड खुले आम शराब पीते हुए लोग नजर आ जाएंगे।

आमाबेड़ा थानांतर्गत नागरबेड़ा में 1 मार्च को साप्ताहिक बाजार के दौरान अवैध शराब बिक्री की जानकारी मुखबिर से मिलने पर जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत आमाबेड़ा थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार साहू के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर बताए गए ठिकानों पर घेराबंदी की गई। तलाशी के दौरान सेन्दुरमेटा निवासी 50 वर्षीय अनिल सिन्हा के घर से 19 नग शोले प्लेन देशी शराब एवं 5 नग वन शॉट व्हिस्की सहित कुल 4 लीटर 320 एमएल शराब, जिसकी कीमत 2520 रुपये आंकी गई, जब्त किया गया। इसके अलावा सेन्दुरमेटा निवासी 25 वर्षीय राहुल जैन के घर से 29 नग देशी मदिरा शोले पौवा, 16 नग एमएडीओएफएफ व्हिस्की और 2 नग ब्ल्फ मास्टर अंग्रेजी शराब सहित कुल 8 लीटर 460 एमएल शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 8170 रुपए आंकी गई। दोनों आरोपियों से कुल 12 लीटर 780 एमएल शराब, जिसकी कुल कीमत 10,690 रुपये तथा बिक्री की नगदी 450 रुपये जब्त की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक भुनेश्वर चन्द्रवंशी, सउनि. गिरीश चन्द्र सहित अन्य जवानों की भूमिका रही।

## 21 लीटर शराब जब्त 3 आरोपी गिरफ्तार



**नरहरपुर**। जिले की नरहरपुर थाना की पुलिस ने ग्राम कोसुमपानी में दबिश देकर अलग-अलग तीन प्रकरणों में 21 लीटर देशी महुआ शराब जब्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम भ्रमण एवं जुर्म जरायम पता-साजी के दौरान थी, तभी मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कोसुमपानी निवासी गोकुल यादव, आसोबाई यादव एवं परमात्मा मरकाम अपने-अपने घरों में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए संग्रहित किए हुए हैं। जानकारी की तस्दीक में पुष्टि होते ही पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में गोकुल यादव (40 वर्ष), आसोबाई यादव (35 वर्ष) एवं परमात्मा मरकाम (34 वर्ष), सभी निवासी ग्राम कोसुमपानी के ठिकानों पर दबिश देने पर कुल 21 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई। आरोपियों के कब्जे से बिक्री रकम भी बरामद की गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 2100 रुपएं आंकी गई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नरहरपुर में पृथक-पृथक अपराध क्रमांक 51, 52 एवं 53/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक बुधारू राम मरकाम, प्रधान आरक्षक संवलू राम नेताम, आरक्षक दिपेश कुमार जुर्री, नीलेश साहु, डुमेश साहु एवं महिला आरक्षक पूर्णिमा मरकाम की भूमिका रही।

# भीरागांव मेले में खुड़खुड़िया जुआ खिलाते 3 जुआरी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भानुप्रतापपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। ग्राम भीरागांव मेला स्थल के पास अंकों का लालच देकर जुआ खिला रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। 1 मार्च को थाना भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि भीरागांव मेला स्थल के पास मुर्गा बाजार में कुछ व्यक्ति लोगों को अधिक पैसे का लालच देकर खुड़खुड़िया जुआ खिला रहे हैं। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर मुख्य जुआ खिलाने वाले व्यक्ति जंगल की ओर भागने में सफल रहें, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से तीन व्यक्तियों को दबोच लिया। मौके से मालापारा भीरागांव निवासी 40 वर्षीय भीखम नाग, मालापारा भीरागांव निवासी 38 वर्षीय दयाराम निषाद और पुतरवाही निवाी 42 वर्षीय मुकेश कुमार सलाम को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआ खेलने की सामग्री और नकदी बरामद की। आरोपी भीखम नाग के पास से लकी सेवन चार्ट और 700 रूपएं नगद, दयाराम निषाद के पास से एक गुलाबी प्लास्टिक की बाल्टी और 500 रूपएं नगद और मुकेश कुमार सलाम के पास से लकड़ी की 2 गोटियां और 220 रूपएं नगद कुल 1 हजार 420 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6(क) और बीएनएस की धारा 112 के तहत दंडनीय पाए जाने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अजमानतीय होने के कारण आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## भानुप्रतापपुर में होली पर पुलिस का फ्लैग मार्च



**भानुप्रतापपुर**। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर नगर में पुलिस विभाग द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह एवं थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा लोगों से शांति, भाईचारे और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। होली को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी।

### ट्रैक्टर ट्राली में दबने से घायल की मौत

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थानांतर्ग ग्राम बोगर में वाहन के चक्का में दब जाने से मौत होने पर पुलस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 12 दिसंबर को मृतिका नायापारा बोगर निवासी नित्या वट्टी पिता जगदीश वट्टी का आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडी 8339 व ट्राली क्रमांक सीजी 23 1106 का चालक नयापारा बोगर निवासी हरिश कुमार यादव पिता सन्तु राम यादव अपने वाहन को गली में तेज गति व लापरवाही पूर्वक पीछे रिवस करते समय ट्रैक्टर ट्राली के चक्का से मृतिका नित्या वट्टी को एक्सीडेंट कर दबाने से आई चोट के कारण मौके पर मृत्यु हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### तिरिया रवाना हुए 45 अस्थि बाधित विद्यार्थी

जगदलपुर। आज जिले के 45 अस्थि बाधित विद्यार्थियों का एक विशेष दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए तिरिया की ओर रवाना हुआ। यह यात्रा इन बच्चों के जीवन में उमंग और नए अनुभवों का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विद्यार्थियों के इस दल की रवानगी के अवसर पर विशेष उत्साह का माहौल रहा, जहां कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वयं पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की। कलेक्टर ने न केवल विद्यार्थियों का हाल-चाल जाना, बल्कि उनके साथ समय बिताते हुए उनकी यात्रा को सुखद और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियाँ कभी भी सीखने और आगे बढ़ने के मार्ग में बाधा नहीं बन सकतीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

